# कार्यालय, वन प्रमंडल पदाधिकारी, बांका वन प्रमंडल, बांका।

आजाद चौक, बाबू टोला, बांका–813102

E-mail –dfo.banka@gmail.com


## सरकारी वाहनों की नीलामी की सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, बांका वन प्रमंडल, बांका अन्तर्गत निम्नांकित सरकारी वाहनों की आम नीलामी दिनांक–24.03.2026 को निर्धारित की गई है। नीलामी में शेष बचे वाहनों की द्वितीय नीलामी दिनांक–01.04.2026 को एवं नीलामी में बचे वाहनों की तृतीय नीलामी दिनांक–06.04.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से बांका वन प्रमंडल के कार्यालय परिसर में की जायेगी, जो निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | वाहन का प्रकार | निबन्धन संख्या | चेसिस संख्या | इंजन संख्या | वाहन जहां खड़ा है | वाहन का अनुमानित मूल्य | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Mini Truck | BR 1G-7994 | NFWEL4GM0109432 | SLTFN101932 | कटोरिया वन प्रक्षेत्र कैम्पस | 70000 | |
| 2 | Gypsy | BEN-8633 | 111124 | 108896 | वन प्रमंडल कार्यालय, कैम्पस | 50000 | |
| 3 | Mini Truck (Tata Motor) | BR 51-4274 | WFWEL4GM00100401 | SLTFW93824 | वन प्रमंडल कार्यालय, कैम्पस | 70000 | |
| 4 | Mahindra Bolero Camper | BR 51A-1581 | MAIRU4GHKB3C39245 | GHB1C19313 | बांका वन प्रक्षेत्र कैम्पस | 85000 | |
| 5 | Mahindra Bolero Camper | BR 51A-1582 | MAIRU4GHKB3C39218 | GHB1C18713 | कटोरिया वन प्रक्षेत्र कैम्पस | 85000 | |
| 6 | Tata Motor Pickup | BR 51A-2751 | MAT374468B9H26646 | 497SP38HYY644185 | बौंसी वन प्रक्षेत्र कैम्पस | 95000 | |
| 7 | Mahindra Scorpio S-6 | BR 51P-0229 | MAITA2SJXG2G16618 | SJG4G26448 | वन प्रमंडल कार्यालय, कैम्पस | 275000 | |
| 8 | Super Splendor Bike | BR 10H-3303 | 07GAEF09329 | NA | बांका वन प्रक्षेत्र कैम्पस | 10000 | |
| 9 | Super Splendor Bike | BR 10H-3302 | MBLJA05EE89B08734 | NA | वन प्रमंडल कार्यालय, कैम्पस | 10000 | |
| 10 | Royal Enfield Bullet | BR 1T-1169 | 2B6025696 | NA | बौंसी वन प्रक्षेत्र कैम्पस | 12000 | |
| 11 | Royal Enfield Bullet | BR 1T-1170 | 2B6025790 | NA | कटोरिया वन प्रक्षेत्र कैम्पस | 12000 | |

# नीलामी की शर्तें

1. नीलामी 11:00 बजे पूर्वाह्न से प्रारम्भ की जायेगी।
2. नीलामी में भाग लेने के लिए 25000 रू0 प्रतिभूति राशि के रूप में नगद जमा करना अनिवार्य होगा।
3. प्रतिभूति राशि जमा करने के उपरान्त ही नीलामी में भाग लेने की अनुमति दी जायेगी।
4. नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों को आयकरदाता होना अनिवार्य है, जिसका प्रमाण स्वरूप में पैन कार्ड एवं आधार कार्ड की छायाप्रति आवेदन–पत्र में संलग्न किया जाना आवश्यक होगा।
5. आम नीलामी में उच्चतम बोली बोलने वाले व्यक्ति को वाहन की बिक्री अद्योहस्ताक्षरी द्वारा विभागीय नियमानुसार की जायेगी।
6. वाहनों की नीलामी **जहाँ है, जैसे है** उसी स्थिति के आधार पर की जायेगी।
7. सफल निविदादाता को प्रतिभूति राशि के अलावा उच्चतम बोली का 25% राशि उसी समय जमा करना अनिवार्य होगा। अन्यथा जमा की गई प्रतिभूति राशि को जप्त कर वाहन को अगली नीलामी में बिक्री कर दी जायेगी।
8. असफल निविदादाता की प्रतिभूति राशि उसी दिन नीलामी समाप्त होने के पश्चात् लौटा दी जाएगी।
9. नीलामी की स्वीकृति के उपरांत अनुसर्मथन पत्र निर्गत की तिथि से 15 दिनों के अन्दर पूर्ण राशि जमा करना अनिवार्य होगा, अन्यथा संबंधित वाहन के नीलामी रद्द करते हुए जमा की गई राशि को राज्यसात कर लिया जायेगा एवं उक्त क्रेता को काली सूची (Black listed) में डालने की कार्यवाही की जायेगी।
10. क्रेता द्वारा वाहन का निबंधन स्वयं कराया जाएगा। विभाग द्वारा निबंधन योग्य वाहन के लिये मात्र अनापत्ति प्रमाण–पत्र (N.O.C) निर्गत किया जाएगा।
11. किसी भी कार्य दिवस पर उक्त वाहनों को देखा जा सकता है एवं नीलामी से संबंधित जानकारी प्रमंडलीय कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
12. अद्योहस्ताक्षरी को नीलामी की तारीख बदलने अथवा नीलामी रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
13. ऐसे व्यक्ति जिन पर वनवाद चल रहा है अथवा जो पेशेवर अवैध खनन/अवैध पातन माफिया के रूप में चिन्हित हैं उन्हें नीलामी में भाग लेने से रोका जा सकेगा।
14. क्रय किये गये वाहन पर जी0एस0टी0 18% एवं 2.5% आयकर अनिवार्य होगा।
15. नीलामी से संबंधित अंतिम निर्णय वन प्रमंडल पदाधिकारी, बांका के द्वारा लिया जायेगा।

विश्वासभाजन,

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
बांका वन प्रमंडल, बांका।

OFFICE/2026/Sale /LETTER/S.A.Tomar

# कार्यालय, वन प्रमंडल पदाधिकारी, बांका वन प्रमंडल, बांका
आजाद चौक, बाबू टोला, बांका–813102
E-mail –dfo.banka@gmail.com


पत्रांक– 694

प्रेषक,

मनीष कुमार वर्मा, भा0व0से0
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
बांका वन प्रमंडल, बांका।

सेवा में,

सरकार के संयुक्त सचिव,
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग,
बिहार सरकार,
पटना।

बांका दिनांक– 09/03/2026

विषय :– **बांका वन प्रमंडल, बांका अंतर्गत निष्प्रयोजित सरकारी वाहनों की नीलामी को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में सूचित करना है कि, बांका वन प्रमंडल, बांका अंतर्गत निष्प्रयोजित सरकारी वाहनों की नीलामी की सूची विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सॉफ्ट एवं हार्ड कॉपी email के माध्यम से इस पत्र के साथ संलग्न कर भेजा जा रहा है। निष्प्रयोजित सरकारी वाहनों की नीलामी की सूची को हिन्दी दैनिक समाचार–पत्रों में प्रकाशित करने हेतु निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार, पटना को इस कार्यालय के पत्रांक–653 दिनांक–28.02.2026 द्वारा भेजा जा चुका है।

अतः अनुरोध है कि, बांका वन प्रमंडल, बांका में निष्प्रयोजित सरकारी वाहनों की नीलामी की सूची को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने की कृपा की जाय।

**अनु0–यथोक्त।**

विश्वासभाजन,

09/3/26

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
बांका वन प्रमंडल, बांका।

3216
17/3/2

# कार्यालय, वन प्रमंडल पदाधिकारी, बांका वन प्रमंडल, बांका।
आजाद चौक, बाबू टोला, बांका–813102
E-mail–dfo.banka@gmail.com

पत्रांक–

प्रेषक,

मनीष कुमार वर्मा, "भा0व0से0",
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
बांका वन प्रमंडल, बांका।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग,
बिहार सरकार, पटना।

बांका, दिनांक–........../........./..........

विषय :– सूचना के प्रकाशन के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि, बांका वन प्रमंडल, बांका अन्तर्गत निष्प्रायोजित सरकारी वाहनों की आम नीलामी दिनांक–24.03.2026, 01.04.2026 एवं 06.04.2026 को निर्धारित किया गया है, सूचना प्रकाशन हेतु प्रेस विज्ञप्ति की सॉफ्ट एवं हार्ड कॉपी इस पत्र के साथ संलग्न कर भेजी जा रही है।

अतः अनुरोध है कि, इस राज्य के लोकप्रिय सभी दैनिक समाचार–पत्रों में निर्धारित तिथि के पूर्व शीघ्र प्रकाशित कराने की कृपा की जाय एवं प्रकाशन की सूचना इस कार्यालय को भी उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

**अनु0–यथोक्त।**

विश्वासभाजन,

ह0/–

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
बांका वन प्रमंडल, बांका।

ज्ञापांक– दिनांक–

**प्रतिलिपि**–अपर जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी, बांका को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
बांका वन प्रमंडल, बांका।

ज्ञापांक–653 दिनांक–28/02/2026

**प्रतिलिपि**–वन संरक्षक, भागलपुर अंचल, भागलपुर को सादर सूचनार्थ समर्पित।

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
बांका वन प्रमंडल, बांका।



o/c